गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय मे राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन

दिनांक 29 अगस्त 2021 को गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर मे विश्वविद्यालय के फिटनेश क्लब के द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गणित विभाग के आचार्य एवं आई॰ क्यू॰ ए॰ सी॰ सेल के डायरेक्टर प्रोफेसर ए॰ एस॰ रणदिवे, विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारी, छात्र एवं विश्वविद्यालय कैंपस के छोटे-छोटे बच्चे उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय फ़िटनेस क्लब के सदस्य डॉ महेश सिंह धपोला ने साइकिल रैली में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को वर्म-अप गतिविधि एवं विभिन्न प्रकार की शारीरिक व्यायाम कराया, तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर ए॰ एस॰ रणदिवे ने साईकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसमें बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी, छात्र एवं छोटे बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया यह साइकिल रैली विश्वविद्यालय स्टाफ क्वार्टर से होते हुए, लगभग 15 किलोमीटर की दूरी तय करके वापस बॉस्केटबॉल कोर्ट के पास समाप्त हुई। अंत में शारीरिक शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बिशन सिंह **राठौड़** द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया **गया** एवं कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

&
IQAC Cell
Celebrates
Chand Singh

डॉ॰ कुँवर सिंह
सह सचिव

प्रोफेसर विशन सिंह राठौड़
सचिव